# छत्तीसगढ़ विधानसभा

## पत्रक भाग-एक

## संक्षिप्त कार्य विवरण

चतुर्थ विधान सभा    प्रथम सत्र    अंक-16


**रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 14 फरवरी, 2014**

**(माघ-25, शक संवत 1935)**

विधान सभा पूर्वाह्न 11.00 बजे समवेत हुई ।

**(अध्यक्ष महोदय (श्री गौरीशंकर अग्रवाल) पीठासीन हुए।)**

## 1. प्रश्नोत्तर

प्रश्नोत्तर सूची में शामिल 22 तारांकित प्रश्नों में से प्रश्न संख्या 01 से 04 एवं 06 से 09 (कुल 08) प्रश्नों पर अनुपूरक प्रश्न पूछे गए तथा उत्तर दिये गए।

तारांकित प्रश्न संख्या.05 के प्रश्नकर्ता सदस्य श्री शंकर ध्रुवा अनुपस्थित रहे ।

प्रश्नोत्तर सूची में 13 अतारांकित प्रश्नों के उत्तर भी शामिल थे ।

## 2. बहिर्गमन

तारांकित प्रश्न संख्या 02 पर चर्चा के दौरान श्री सत्यनारायण शर्मा, सदस्य के नेतृत्व में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस दल के सदस्यों द्वारा शासन के उत्तर के विरोध में सदन से बहिर्गमन किया गया ।

## 3. ध्यानाकर्षण सूचना

(1) श्री महेश गागड़ा, सदस्य ने राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-63 के गीदम से भोपालपट्टनम सड़क मार्ग जर्जर होने की ओर लोक निर्माण मंत्री का ध्यान आकर्षित किया।

**(सभापति महोदय (श्री शिवरतन शर्मा) पीठासीन हुए।)**

श्री राजेश मूणत, लोक निर्माण मंत्री ने इस पर वक्तव्य दिया।

(2) सर्वश्री भूपेश बघेल, सत्यनारायण शर्मा, टी.एस.सिंहदेव, सदस्य ने छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी कोरबा पश्चिम विस्तार परियोजना संयंत्र में सुरक्षा उपकरणों के अभाव में मजदूरों के झुलस जाने की ओर श्रम मंत्री का ध्यान आकर्षित किया।

श्री अमर अग्रवाल, श्रम मंत्री ने इस पर वक्तव्य दिया।

(3) श्रीमती तेजकुंवर गोवर्धन नेताम, श्रीमती अनिला भेंडिया, सदस्य ने जिला राजनांदगांव के अम्बागढ़ चौकी थाना क्षेत्र अंतर्गत पीड़ित महिला द्वारा आत्महत्या किये जाने की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित किया।

श्री रामसेवक पैकरा, गृह मंत्री ने इस पर वक्तव्य दिया।

**(अध्यक्ष महोदय (श्री गौरीशंकर अग्रवाल) पीठासीन हुए ।)**

## 4. बहिर्गमन

ध्यानाकर्षण संख्या 03 पर चर्चा के दौरान श्री सत्यनारायण शर्मा, सदस्य के नेतृत्व में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस दल के सदस्यों द्वारा शासन के उत्तर के विरोध में सदन से बहिर्गमन किया गया ।

## 5. ध्यानाकर्षण सूचना (क्रमशः)

(4) श्री धनेन्द्र साहू, सदस्य ने प्रदेश के तीर्थ स्थल राजिम में त्रिवेणी नदी संगम का पानी प्रदूषित होने की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित किया।

डॉ.रमन सिंह, मुख्यमंत्री ने इस पर वक्तव्य दिया।

## 6. बधाई

माननीय अध्यक्ष ने श्री अजय चंद्राकर, संसदीय कार्य मंत्री एवं श्री अमरजीत भगत, सदस्य को उनकी शादी की सालगिरह पर अपने तथा सदन की ओर से बधाई दी।

## 7. नियम 267-क के अधीन विषय

माननीय अध्यक्ष के निर्देशानुसार निम्नलिखित सदस्यों की नियम 267-क की सूचनाएं पढ़ी हुई मानी गईं :-

(1) श्री अमरजीत भगत

(2) डॉ.खिलावन साहू

(3) श्री धनेन्द्र साहू

(4) श्री संतोष बाफना

(5) श्री सत्यनारायण शर्मा

## 8. वर्ष 2014-2015 की अनुदान मांगों पर चर्चा(क्रमशः)

(1) माननीय गृह मंत्री के विभागों की मांगों पर पुनर्गृहीत चर्चा में निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लियाः-

श्री महेश गागड़ा,

**(सभापति महोदय (श्री बद्रीधर दीवान) पीठासीन हुए।)**

श्री सत्यनारायण शर्मा,

**(सभापति महोदय (श्री शिवरतन शर्मा) पीठासीन हुए।)**

सर्वश्री भईयालाल राजवाड़े, राजेन्द्र कुमार राय, श्यामबिहारी जायसवाल, धनेन्द्र साहू, श्रीमती रूपकुमारी चौधरी,

**(सभापति महोदय (श्री धनेन्द्र साहू) पीठासीन हुए।)**

सर्वश्री अरूण वोरा, (डॉ.) खिलावन साहू, श्यामलाल कंवर, दीपक बैज,

**(अध्यक्ष महोदय (श्री गौरीशंकर अग्रवाल) पीठासीन हुए ।)**

सर्वश्री अंबेश जांगड़े, बृहस्पत सिंह, मोहन मरकाम, दलेश्वर साहू, (डॉ.) विमल चोपड़ा, श्री टी.एस.सिंहदेव-नेता प्रतिपक्ष।

**(सभापति महोदय (श्री देवजी भाई पटेल) पीठासीन हुए।)**

श्री रामसेवक पैकरा, गृह मंत्री ने चर्चा का उत्तर दिया।

माननीय सभापति ने सदन की सहमति से सूचित किया कि आज शुक्रवार को अंतिम ढाई घंटे अशासकीय कार्य के लिए निधारित है। अतः राजस्व मंत्री द्वारा अनुदान मांगें प्रस्तुत करने के पश्चात् अशासकीय कार्य लिए जाएंगे।

कटौती प्रस्ताव अस्वीकृत हुए।
मांगों का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

(2) श्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय, राजस्व मंत्री ने राजस्व विभाग से संबंधित व्यय से संबंधित मांग संख्या 9, भू-राजस्व तथा जिला प्रशासन से संबंधित मांग संख्या 8, तकनीकी शिक्षा और जनशक्ति नियोजन विभाग से संबंधित मांग संख्या 47, पुनर्वास से संबंधित मांग संख्या 35, प्राकृतिक आपदाओं एवं सूखाग्रस्त क्षेत्रों में राहत पर व्यय से संबंधित मांग संख्या 58, उच्च शिक्षा से संबंधित मांग संख्या 44 एवं विज्ञान एवं टेक्नालॉजी से संबधित मांग संख्या 46 प्रस्तुत की।

**मांग संख्या-9 पर** श्री बृहस्पत सिंह एवं श्रीमती अनिला भेंडिया **मांग संख्या-8 पर** श्री टी.एस.सिंहदेव एवं श्री रामदयाल उइके, **मांग संख्या-47 पर** सर्वश्री टी.एस.सिंहदेव, रामदयाल उइके, मोहन मरकाम, श्रीमती देवती कर्मा **मांग संख्या-44 पर** श्री टी.एस.सिंहदेव, डॉ.(श्रीमती) रेणु जोगी, सर्वश्री रामदयाल उइके, सियाराम कौशिक, अरूण वोरा, दलेश्वर साहू, लखेश्वर बघेल, श्रीमती अनिला भेंडिया एवं श्री मोहन मरकाम, सदस्य के कटौती प्रस्ताव प्रस्तुत हुए।

मांगों एवं कटौती प्रस्तावों पर एक साथ चर्चा श्री रामदयाल उइके, सदस्य प्रारंभ करेंगे।

## 9. अशासकीय संकल्प

(1) सदन का यह मत है कि "बेमेतरा जिला में शक्कर कारखाना एवं सोयाबीन प्लान्ट स्थापित किया जाय."

श्री अवधेश सिंह चंदेल, सदस्य ने संकल्प प्रस्तुत किया एवं संक्षिप्त भाषण दिया।

**संकल्प प्रस्तुत हुआ।**

श्री पुन्नूलाल मोहले, खाद्य मंत्री ने चर्चा का उत्तर दिया तथा संकल्प वापस लेने हेतु माननीय सदस्य से अनुरोध किया।

माननीय सदस्य ने संकल्प वापस लेने पर सहमति व्यक्त की।

**सदन की अनुमति से संकल्प वापस हुआ।**

(2) सदन का यह मत है कि "जांजगीर-चांपा के तुर्रीधाम एवं दमाऊधारा को पर्यटन स्थल घोषित किया जाय."

डॉ.खिलावन साहू, सदस्य ने संकल्प प्रस्तुत किया एवं संक्षिप्त भाषण दिया।

**संकल्प प्रस्तुत हुआ।**

श्री अजय चंद्राकर, पर्यटन मंत्री ने चर्चा का उत्तर दिया तथा संकल्प वापस लेने हेतु माननीय सदस्य से अनुरोध किया।

माननीय सदस्य ने संकल्प वापस लेने पर सहमति व्यक्त की।

**सदन की अनुमति से संकल्प वापस हुआ।**

**सायं 5.38 बजे विधान सभा की कार्यवाही सोमवार, दिनाँक 17 फरवरी, 2014 (माघ 28, शक संवत् 1935) के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक के लिए स्थगित की गई।**

**देवेन्द्र वर्मा**
प्रमुख सचिव
छत्तीसगढ़ विधान सभा